टी0ए0 मिस केस सं0 39/2020-21

दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
19/12/2020	अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **श्री मथुरा देवगम, पिता–स्व० महती देवगम, ग्राम–मतकमहातु, थाना–मुफसिल, जिला–पश्चिमी सिंहभूम** चाईबासा ने मौजा–**तमाड़बाँध**, थाना नं0– **125**, खाता न0– **119**, प्लॉट न0– **449**, रकवा– **0.15** एकड़ भूमि क्रेता **श्री जी०आर० आल्बीन बिरूवा, पिता– जुम्बल बिरूवा**, ग्राम–छोटा जयपुर, थाना–**मुफफसिल** चाईबासा के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ए) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु सर्व साधारण सूचना निर्गत किया गया। अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेज के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक के पिता के नाम हालसर्वे खतियान एवं पंजी II में दर्ज है।** आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्ण दखल है। अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक **1211**, दिनांक **23.12.2020** के द्वारा प्राप्त है। ईलाज हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता **श्री जी०आर० आल्बीन, पिता– जुम्बल बिरूवा, ग्राम–छोटा जयपुर**, थाना– **मुफ्फसिल** चाईबासा के पास **18,31,500.00/–(अठाहरा लाख एकत्तीस हजार पाँच सौ)** रुपये मात्र में बिक्री करना चाहते हैं। इस संबंध में किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही थाना के निवासी है। उक्त दोनों अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं। आम सूचना का तामिला प्राप्त है। किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है। उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदित प्लॉट में शेष भूमि **2.70** एकड़ से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू संपत्ति समुचित है। अतः अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा एवं ग्रामीण मुन्डा के अनुशंसा के आलोक में विक्रेता **श्री मथुरा देवगम, पिता–स्व० महती देवगम, ग्राम–मतकमहातु**, थाना **मुफफसिल** जिला– पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा ने मौजा–**तमाड़बाँध**, थाना नं0– **125**, खाता न0– **119**, प्लॉट न0– **449**, रकवा– **0.15 एकड़** भूमि को क्रेता **श्री जी०आर० आल्बीन, पिता– जुम्बल बिरूवा, ग्राम–**छोटा जयपुर, थाना– **मुफ्फसिल** चाईबासा जिला– पश्चिमी सिंहभूम के पास छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ए) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की ......अनुमति...... दी जाती है। लेखापित (हस्ताक्षर) 19/12 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा। (हस्ताक्षर) 19/12/2020 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा।	

Anjalinayak

Scanned with CamScanner